
# इजरायल द्वारा याहा सिनवार की हत्या एवं हमास में उसके संभावित उत्तराधिकारी

❖ **हालिया संदर्भ :**

- हाल ही में इजरायल रक्षा बलों (IDE) ने गुरुवार (17 अक्टूबर) को पुष्टि की कि उसने अपनी दक्षिणी गाजा के राफा में अपने जमीनी अभियान के दौरान हमास प्रमुख "याहा सिनवार" को मार गिराया है।
- इजराइल रक्षा बलों द्वारा सिनवार के मारे जाने की पुष्टि इजराइल में करावास के दौरान जेल में बंद सिनवार के नमूने का उपयोग "डीएनए (DNA) परीक्षण" की मदद से की।



## ❖ कौन है याहा सिनवार ?

- याहा सिनवार का जन्म 1962 में तत्कालीन मिस्त्र के अधीन क्षेत्र दक्षिण गाजा के खान यूनिस शरणार्थी शिविर में हुआ था।
- सिनवार के माता-पिता को वर्ष 1948 में इजरायल के गठन के बाद अरबों के बड़े पैमाने पर जातीय सफाया के दौरान जायोनी ताकतों द्वारा निष्कासित कर दिया गया था।
- याहा सिनवार 1980 के दशक की शुरुआत में मुस्लिम ब्रदरहुड नामक संगठन में सक्रिय रूप से कार्यरत था।
- गाजा के इस्लामी विश्वविद्यालय में एक छात्र के रूप में गाजा पर इजराइली कब्ज़े का विरोध करने के कारण उन्हें इजरायल द्वारा गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया गया था।
- याहा सिनवार द्वारा हमास के आंतरिक सुरक्षा बल "अल मजद" की स्थापना की गई।
- "अल मजद" मुख्य रूप से हमास द्वारा गाजा में आंतरिक सुरक्षा मामलों के प्रबंधन सहित इजरायली एजेंटों, इजरायली खुफिया और सुरक्षा सेवाओं के अधिकारियों पर नजर रखने का काम करती थी।
- इसके अलावा याहा सिनवार को अल–कसम ब्रिगेड और हमास की सैन्य शाखा की स्थापना सहित गाजा में सक्रिय मिलिशिया की स्थापना का श्रेय जाता है।
- वर्ष 1988 में याहा सिनवार को "खान यूनिस" सहित अपने 12 सहयोगियों की हत्या करने सहित दो इजराइली सैनिक का अपहरण करने की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार करके जेल में बंद कर दिया।
- वर्ष 2011 में "कैदी विनिमय सौदे" के तहत रिहा होने से पहले "याहा सिनवार" ने विभिन्न इजरायली जेलों में 22 साल बिताए।

Result Mitra TM

- जेल से रिहा होने के बाद याहा सिनवार फिर से हमास में शामिल हो गया और वर्ष 2017 में हमास के नेता इस्माइल हनियेह के उत्तराधिकारी के रूप में हमास के प्रमुख नेता के रूप में उभरे।
- वर्ष 2017 में ईरान द्वारा किए गए एक लक्षित हमले में इस्माइल हनियेह के मारे जाने के बाद अगस्त 2017 में याहा सिनवार को हमास के "पोलित ह्यूरो" प्रमुख के रूप में चुना गया।

## ❖ इजराइल पर 7 अक्टूबर 2023 के हमले में याहा सिनवार की भूमिका :

- इजरायल द्वारा याहा सिनवार को 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमले के मास्टरमाइंड के रूप में देखता था।
- इजराइल याहा सिनवार को "चलता फिरता मरा हुआ आदमी" के नाम से संबोधित करता था।
- याहा सिनवार द्वारा 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमले की योजना दिसंबर 2022 में बनाई गई, जब इजराइल ने गाजा में बड़ी संख्या में अपने सैनिकों को तैनात किया था।
- 7 अक्टूबर 2023 को हमास के लड़ाको द्वारा इजराइल पर किए गए अब तक के सबसे बड़े हमले में 1200 से अधिक लोग मारे गए थे और 150 से अधिक इजराइली नागरिकों को बंधक बना लिया गया था।
- हमास द्वारा इजराइल पर किए गए इस विनाशकारी हमले ने इजरायल की रक्षा तंत्र की तैयारी पर सवाल खड़े कर दिए थे।
- इजराइल के प्रमुख सहयोगी देश अमेरिका द्वारा पिछले महीने सितंबर 2024 को याहा सिनवार  और अन्य हमास नेताओं पर इजरायल पर 7 अक्टूबर के हमलों में 40 अमेरिकी नागरिकों की हत्या करने सहित संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय

Result Mitra TM

सुरक्षा को खतरे में डालने के लिए वित्तपोषित अभियान चलाने, उसे निर्देशित और देख-रेख करने का आरोप लगाया गया था।

- ज्ञातव्य है कि 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमास द्वारा किए गए हमले में 40 अमेरिकी नागरिक सहित 1200 लोगों की मौत हो गई थी।

## ❖ इजरायल द्वारा याहा सिनवार को मारने का महत्व :

- इजरायल की शुरू से ही हमास के खात्मे की मंशा रही है, जिस कड़ी में याहा सिनवार की हत्या इजरायल के लिए काफी महत्वपूर्ण है।
- इसी वर्ष जुलाई में हनियेह और सितंबर में हिजबुल्ला प्रमुख "हसन नसरल्लाह" की हत्या के बाद "याहा सिनवार" की हत्या इजरायल द्वारा किसी दुश्मन नेता की सबसे प्रमुख हत्या में से एक है।
- याहा सिनवार की मौत अमेरिका और अन्य इजरायली सहयोगियों के लिए मध्य एशिया में इजराइल को लगातार चल रहे संघर्ष से बाहर निकलने का अवसर प्रदान कर सकता है।
- हालांकि वर्तमान में याहा सिनवार की मौत के बाद हमास के शीर्ष नेतृत्व में कुछ ऐसे लोग बचे हैं, जो याहा सिनवार के उत्तराधिकारी के रूप में हमास की कमान संभाल सकते हैं।

## ❖ याहा सिनवार के उत्तराधिकारी के रूप में हमास के प्रमुख दावेदार :

### ➢ खालिद मेशाल :

- न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार याहा सिनवार की हत्या के बाद खालिद मेशाल हमास के शीर्ष नेतृत्व के प्रमुख उम्मीदवार है।

TM Result Mitra

- "खालिद मेशाल" वर्ष 1966 में हमास में शामिल होने के बाद पहले भी हमास की राजनीतिक नेतृत्व की बागडोर संभाल चुके हैं।
- खालिद मेशाल इजरायल के साथ पूर्ण शांति समझौते करने के बजाय वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और पूर्वी यरुशलम में एक अलग फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना के पक्षधर है।
- खालिद मेशाल का जन्म वेस्ट बैंक के रामल्लाह शहर में हुआ था, जो बाद में अपने परिवार के साथ कुवैत चले गए, जो फिलिस्तीनी समर्थक भावनाओं का केंद्र था।
- मात्र 15 वर्ष की उम्र में खालिद मेशाल मुस्लिम ब्रदरहुड में शामिल हो गया।

## ➢ खलील अल–हय्या :

- "खलील अल–हय्या" हमास के मारे गए दूसरे सबसे प्रमुख नेता याहा सिनवार के उप प्रमुख के रूप में हमास के नेता रहे हैं।
- वर्ष 2007 में गाजा पर इजरायल द्वारा किए गए हमले के दौरान अपने पूरे परिवार के मारे जाने के बाद "हय्या" वर्तमान में कतर में निर्वासन कर रही है।

## ➢ मौसा अबू मरजौक :

- मौसा अबू मरजौक ने वर्ष 1987 में हमास की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वर्तमान में मौसा अबू मरजौक हमास के राजनीतिक ब्यूरो के उप प्रमुख के रूप में काबिज है।
- मरजौक ने अपनी राजनीतिक कैरियर की शुरुआत संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में की, जहां उन्होंने फिलिस्तीनी मुस्लिम ब्रदरहुड की एक शाखा की स्थापना की।
- मरजौक ने फिलीस्तीनी मुद्दे से संबंधित कई इस्लामी संस्थाओं और फाउंडेशन की स्थापना में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।
- मरजौक को हमास और मुस्लिम ब्रदरहुड के साथ जुड़ाव के कारण अमेरिका की जांच एजेंसी FBI द्वारा 1997 और 1999 में हिरासत में लिया गया था।